## कार्यालयः सचिव उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर नैनीताल

पत्रांकः उ0वि0शि0प0 / यू0टी0ई0टी0–2025 / विज्ञप्ति 220-223 / 2025–26 दिनांक 12.09.25

### उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय (UTET I&II) 2025 परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रवेश–पत्र सम्बन्धी सूचना

उत्तराखंण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर नैनीताल के पत्रांक उ0वि0शि0प0 / यू0टी0ई0टी0–2025 विज्ञप्ति 01 / 111–114 / 2025–26 दिनांक 09 जुलाई 2025 के क्रम में निर्धारित तिथि तक आवेदन (शुल्क भुगतान सहित) करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि **उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय (UTET I&II) 2025 दिनांक 27 सितम्बर 2025 को आयोजित की जायेगी। यू0टी0ई0टी0 प्रथम की परीक्षा प्रातः 10:00 बजे से 12:30 तक तथा यू0टी0ई0टी0 द्वितीय की परीक्षा अपराहन 2:00 बजे से 4:30 बजे तक सम्पन्न होगी।** समस्त अर्ह (शुल्क भुगतान सहित) **अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र परिषद् की वेबसाइट www.ukutet.com एवं www.ubse.uk.gov.in के DEPARTMENTAL EXAM/UTET आइकन पर अपलोड किए जा चुके हैं। अभ्यर्थी अपने रजिस्ट्रेशन नम्बर (पंजीकरण) एवं पासवर्ड अथवा नाम व जन्मतिथि (जैसा आवेदन पत्र में अंकित किया गया है) अंकित कर दिनांक 13 सितम्बर 2025 से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे।**

यदि किसी अभ्यर्थी का परीक्षा प्रवेश–पत्र डाउनलोड नहीं हो पा रहा हो और उसके द्वारा विधिवत ऑनलाइन आवेदन किया गया हो तो वह **दिनांक 25 व 26 सितम्बर 2025 को कार्यालय समय में अपने द्वारा परीक्षा हेतु चयनित प्रथम परीक्षा शहर में बने नोडल परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होकर अपना प्रवेश–पत्र प्राप्त कर सकते हैं।** इस हेतु अभ्यर्थी को **ऑनलाइन आवेदन की छायाप्रति, दो पासपोर्ट साइज फोटो** (आवेदन पत्र में अपलोड किये गये फोटो के समान) एवं **फोटो पहचान पत्र** (जैसा कि आवेदन पत्र में अंकित किया गया है) की छायाप्रति प्रस्तुत करनी होगी। परीक्षा शहरवार नोडल परीक्षा केन्द्रों की सूची परिषद् की उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है।

12/9/2025

सचिव,
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।